हरिभूमि
# धमतरी भूमि
रायपुर, मंगलवार 5 अगस्त 2025
[ कुरुद | सिर्री | जीजामगांव | नगरी | मगरलोड ]

तापमान
अधिकतम 34 डिग्री
न्यूनतम 27 डिग्री

11 समिति का कार्य सांस्कृतिक एकता और सेवा भावना का ...

12 सौ क्विंटल पुस्तकें कबाड़ में आठ रूपए किलो के भाव...


कम्पटेक महाविद्यालय
First AICTE Approved College
B.Sc BCA B.Com PGDCA DCA
सीमित सीटें
ST, SC, OBC 100% UPTO SCHOLARSHIP BASE ADMISSION
आज ही संपर्क करें प्रातः 10 से 2 बजे
अंबेडकर चौक, सोरिद पुल के पास सोरिद नगर धमतरी, मो. 9425503082

## खबर संक्षेप

### तहसील पटेल संघ की बैठक आज

**कुरुद।** कुरूद तहसील के पटेल संघ की बैठक आज 11 बजे पुरानी मंडी कुरूद में रखी गई है। संघ की बैठक में विभिन्न विषियों पर चर्चा की जाएगी। तहसील अध्यक्ष ने ग्राम पटेलों से उपस्थित होने की अपील की है।

### उद्योग-बैंकर्स संवाद पर कार्यशाला आज

**धमतरी।** कलेक्टर अबिनाश मिश्रा की अध्यक्षता में 5 अगस्त को रैम्प



(आरएएमपी) योजना अंतर्गत सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यम (एमएसएमई) इकाइयों, महिला उद्यमियों, स्व-सहायता समूह एसएचजी तथा कारीगरों को बैंक ऋण, सरकारी योजनाओं एवं वित्तीय सहायता से जोड़ने के लिए उद्योग-बैंकर्स संवाद पर एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया जाएगा। कार्यशाला दोपहर 2.30 बजे शहर के रुद्री रोड स्थित एक रेस्टोरेंट में आयोजित होगी।

### प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना की तिथि बढ़ी

**धमतरी।** प्राकृतिक आपदा से किसानों को होने वाले नुकसान की भरपाई के लिए प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना खरीफ वर्ष 2025-26 के लिए लागू की गई है। भारत सरकार द्वारा 1 जुलाई से 31 जुलाई तक फसल बीमा के लिए अधिसूचना जारी की गई थी, जिसे अब बढ़ाकर अऋणी कृषकों के लिए 14 अगस्त तथा ऋणी कृषकों के लिए 30 अगस्त तक कर दिया गया है। कलेक्टर अबिनाश मिश्रा ने जिले के किसानों से अपील की है कि वे अपने नजदीकी कृषि या राजस्व कार्यालय से संपर्क कर समय-सीमा के भीतर फसल बीमा कराएं एवं योजना का लाभ उठाएं। उप संचालक कृषि मोनेश साहू ने बताया कि योजना के तहत धान, मक्का, सोयाबीन, अरहर, मूंग, कोदो-कुटकी, रागी, मूंगफली एवं उड़द फसलों का बीमा किया जा सकता है।

### बर्खास्तगी आदेश को निरस्त करने की मांग



**धमतरी।** छग लिपिक वर्गीय शासकीय कर्मचारी संघ ने सहा. ग्रेड 3 अमन जाचक के बर्खास्तगी आदेश को निरस्त करने की मांग कलेक्टर से की है।

■ छग लिपिक वर्गीय कर्मचारी संघ ने कलेक्टर को सौंपा ज्ञापन

संघ ने कलेक्टर के नाम ज्ञापन सौंपकर कहा है कि पिता की मृत्यु के बाद अमन जाचक को अनुकंपा नियुक्ति दी गई थी। अमन जाचक के अलावा उनके घर में कमाने वाला कोई नहीं है। वेतन से ही उनके घर का गुजारा चलता है। पुस्तक कबाड़ में बेचने के आरोप में उसे निलंबित किया गया है। बिना पक्ष लिए बगैर सूचना के 25 जुलाई को सीधे बर्खास्त किया गया है जो कि अवैधानिक है। संघ ने कलेक्टर से मामले में सहानुभूतिपूर्वक विचार कर बर्खास्तगी आदेश को निरस्त करने की मांग की है। ज्ञापन सौंपने के दौरान संघ के अध्यक्ष रजत शिंदे सहित बड़ी संख्या में लिपिक मौजूद थे।

नगरी सिहावा के मास्टर प्लान में 18 आदिवासी बाहुल्य गांव शामिल, लेना होगा अनुमोदन

# विकास के मास्टर प्लान पर पेसा कानून का अड़ंगा


हरिभूमि न्यूज ▶▶धमतरी

पेसा कानून के चलते नगरी सिहावा का मास्टर प्लान अधर पर लटका हुआ है। अब मास्टर प्लान को तभी गति मिलेगी जब पेसा कानून के तहत निवेश क्षेत्र में आने वाले गांवों की आमसभा में मास्टर प्लान को क्लीन चिट दिया जाएगा। अधिकारी आमसभा करवाने की तैयारी में हैं। उधर धमतरी और कुरूद का मास्टर प्लान तैयार हो चुका है। वहीं भखारा और मगरलोड का मास्टर प्लान तैयार हो रहा है। इसके बाद आमदी, दरबा का मास्टर प्लान बनाया जाएगा।

प्रदेश में पेसा कानून बनने के बाद आदिवासी बाहुल्य गांव ग्रामसभा के निर्णय के अधीन हो गया है। सबसे ज्यादा प्रभावित नगरी सिहावा अंचल के गांव हैं। पेसा कानून लागू होने के बाद इन गांवों में सड़क, बिजली, पानी, सहित उद्योग स्थापना व अन्य विकास कार्य ग्रामसभा की अनुमति के बगैर संभव नहीं है। इसी समस्या के चलते नगरी सिहावा का मास्टर प्लान लटक गया है। दो साल पहले ही ग्राम एवं नगर निवेश विभाग ने नगरी सिहावा का मास्टर प्लान तैयार कर लिया था। इसे मंजूरी के लिए आगे फारवर्ड कर दिया था। इस बीच पेसा कानून लागू कर दिया गया। स्वीकृति से पहले ही पेसा कानून लागू होने से अधिकारियों की पूरी तैयारी पर पानी फिर गया। उच्चाधिकारियों ने मास्टर प्लान की फाइल को यह कहकर लौटा दिया कि पेसा कानून के तहत निवेश क्षेत्र में आने वाले गांवों की ग्राम सभाओं से इस मास्टर प्लान का अनुमोदन जरूरी है। अब अधिकारी इन गांवों में बैठकें कराने के लिए प्लानिंग कर रहे हैं। विडंबना यह है कि अब तक बैठक कैसे करानी है, इस पर भी कोई गाइडलाइन उच्चस्तर से नहीं भेजी गई है।

### 18 गांवों के आदिवासियों को निर्णय का इंतजार

नगरी सिहावा के मास्टर प्लान में 18 गांव शामिल हैं। सभी गांव आदिवासी बाहुल्य हैं, इस कारण पेसा कानून के तहत इन गांवों में विकास, निर्माण आदि ग्रामसभा के निर्णय पर निर्भर हो गया है। जानकारी के अनुसार नगरी, गोरेगांव, अमाली, संबलपुर, छिपलीपारा, बिलभद्दर, डोंगरडुला, हरदीभाठा, भीतररास, सिहावा, सिरसिदा, बोधसेमरा, बिरनपुर, मोदे, सांकरा, चुरियारा पारा, छिपली और देवपुर गांव को नगरी सिहावा के मास्टर प्लान में शामिल किया गया है।



### 27 गांव भखारा, 26 गांव दरबा और 13 गांव आमदी के निवेश क्षेत्र में

भखारा, दरबा और आमदी के लिए भी मास्टर प्लान तैयार किया जाना है। भखारा के लिए सर्वे का काम हो चुका है जिसमें 17 गांवों को शामिल किया गया था। पुनर्गठन के बाद 10 गांवों को और शामिल किया गया है। आमदी के निवेश क्षेत्र में 13 और दरबार के निवेश क्षेत्र में 26 गांवों को शामिल किया गया है। उल्लेखनीय है कि मास्टर प्लान बनाने के लिए सर्वे आदि का काम आउटसोर्सिंग से किया जा रहा है। संबंधित संस्था द्वारा पूरी फाइल तैयार कर अधिकारियों को सौंपी जाएगी। इसके बाद इसके लिए बनी समिति में मास्टर प्लान पर निर्णय लिया जाएगा।

### धमतरी में 22 कुरूद में 11 गांव

धमतरी और कुरूद का मास्टर प्लान तैयार हो चुका है। धमतरी में 22 गांवों को वर्ष 2021 तक मास्टर प्लान में शामिल किया गया है। निवेश क्षेत्र में धमतरी, गोकुलपुर, सोरिदभाठ, हटकेशर, बठेना, रुद्री, रत्नाबांधा, मुजगहन, अर्जुनी, संबलपुर, श्यामतराई, भटगांव, सेहराडबरी, शंकरदाह, हरफतराई, करेठा, कानीडबरी, कोलियारी, देमार, खपरी, तेलीनसत्ती, उसलापुर शामिल हैं। इसी प्रकार कुरूद के निवेश क्षेत्र में कुरूद, भाठागांव, राखी, चरमुड़िया, भोथली, कुहकुहा, भरदा, नवागांव, उमरदा, चर्रा, कन्हारपुरी शामिल हैं।

### क्या है पेसा कानून

राज्य की पिछली कांग्रेस सरकार ने दो साल पहले ही कैबिनेट की बैठक में पेसा कानून पर मुहर लगाई थी। पेसा एक्ट 5वीं अनुसूची में शामिल अनुसूचित क्षेत्रों के लिए है। पेसा कानून लागू होने से ग्रामसमा का अधिकार बढ़ गया है। इसके तहत ग्राम सभाओं को विकास योजनाओं की मंजूरी देने और सभी सामजिक क्षेत्रों को नियंत्रित करने में महत्त्वपूर्ण भूमिका निभाने का अधिकार है। इसमें नीतियों को लागू करने वाली प्रक्रियाएं और कर्मी, लघु (गैर लकड़ी) वन संसाधनों, लघु जल निकायों और लघु खनिजों पर नियंत्रण रखने, स्थानीय बाजारों का प्रबंधन, भूमि के अलगाव को रोकने और अन्य चीजों के साथ नशीले पदाथों को नियंत्रित करना शामिल है। अब पेसा कानून लागू होने वाले क्षेत्र में बिना ग्रामसमा की अनुमति के कोई भी बड़ा फैसला नहीं लिया जा सकता।

# निजी अस्पताल की स्टाफ नर्स की संदिग्ध मौत


हरिभूमि न्यूज ▶▶धमतरी

एक निजी अस्पताल में कार्यरत स्टाफ नर्स की संदिग्ध स्थिति में मौत हो गई। उसकी दो माह पहले ही शादी हुई थी।

परिजन व अस्पताल चौकी पुलिस के अनुसार मगरलोड थाना क्षेत्र के ग्राम मोतिमपुर निवासी कुसुमलता साहू उम्र 28 वर्ष की दो महीने पहले 25 मई को सामाजिक रीति-रिवाज से ग्राम राखी थाना कुरूद निवासी दीपेश साहू से शादी हुई थी। कुसुमलता रायपुर के एक निजी अस्पताल में स्टाफ नर्स के पद पर कार्यरत थी। वह अस्पताल में स्थित स्टाफ हास्टल में रहती थी। बहुत जल्द पति-पत्नी रायपुर में शिफ्ट होने वाले थे। सप्ताह भर के बाद रविवार की शाम कुसुमलता घर आ रही थी। उसे लाने के लिए पति के बस स्टैंड पर उतरने के बाद उसका भाई अपने घर मोतिमपुर चला गया। कुसुम ने कुरूद की मेडिकल दुकान से कुछ दवाई खरीदी। उसके बाद कुछ फल खरीदने के बाद पति पत्नी अपने घर राखी आ गए। इस दौरान कुसुम के हाथ में केनूला लगा था। पति के पूछने पर उसने पेट संबंधी समस्या के चलते अस्पताल में ही केनूला लगाने की बात बताई। गया जहां से वह रात्रि 8.40 बजे घर वापस आया। रात्रि में पूरे परिवार ने एक साथ भोजन किया। खाना खाने के बाद पति गांव स्थित पान ठेला की तरफ निकल गया। कुछ समय बाद पति घर पहुंचा तो कुसुम अपने हाथ में इंजेक्शन लगा रही थी। पति के पूछने पर विकनेस व पेट संबंधी इंजेक्शन होने की बात कही। रात्रि 12 बजे कुसुमलता बाथरूम के लिए गई। वहां से आने के बाद दोनों सो गए। सोमवार की सुबह 4.55 बजे पति की नींद खुलने पर उसने पत्नी को जगाने का प्रयास किया, लेकिन पत्नी अचेत पड़ी थी।

घटना की जानकारी तत्काल परिजनों को देकर कुसुमलता को उपचार के लिए मसीही अस्पताल लाया गया जहां डाक्टर ने चेकअप के बाद महिला को मृत घोषित कर दिया। मृतिका के नवविवाहिता होने के कारण न्यायिक मजिस्ट्रेट तहसीलदार द्वारा शव के पंचनामा की कार्रवाई की गई। तीन डाक्टरों की टीम ने शव का पोस्टमार्टम किया। चौकी पुलिस ने मृतिका के पति का बयान दर्ज कर शव सुपुर्द कर दिया। महिला की मौत का कारण अभी स्पष्ट नहीं हो पाया है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट के बाद ही मौत के कारणों का खुलासा हो पाएगा।

### दो माह पहले हुई थी शादी

# सड़क हादसे में दो कांवरियों की हुई मौत, एक घायल

■ ग्राम तेलीनसत्ती के पास अज्ञात वाहन ने रूद्रेश्वर मंदिर जा रहे कांवरियों को मारी टक्कर

हरिभूमि न्यूज ▶▶धमतरी




कांवर यात्रा में पैदल रूद्री जा रहे कांवरियों को हाईस्पीड अज्ञात कार ने ठोकर मार दी। इस घटना में दो कांवरियों की मौत हो गई। एक कांवरिया घायल हो गया है।

सावन माह के अंतिम सोमवार के पूर्व शिव भक्त कांवर यात्रा निकाल जलाभिषेक के लिए पैदल निकल जाते हैं। इसी तरह अर्जुनी थाना क्षेत्र के ग्राम पीपरछेड़ी देमार निवासी राहुल साहू पिता हिरेन्द्र उम्र 17 वर्ष, कन्हैया साहू पिता सुरेन्द्र 18 वर्ष व मोक्ष साहू अपने दोस्तों के साथ कांवर यात्रा निकाल रविवार की रात्रि पैदल रूद्रेश्वर मंदिर रूद्री जाने के लिए निकले थे। कांवरियों की टोली पैदल चलते हुए धमतरी की तरफ बढ़ रही थी। इसी दौरान तेज रफ्तार अज्ञात कार के चालक ने तीन कांवरियों को जोरदार ठोकर मार दी। घटना के बाद चालक वाहन सहित मौके से फरार हो गया। वाहन की ठोकर से राहुल साहू व कन्हैया साहू गंभीर रूप से घायल हो गए वहीं मोक्ष साहू को भी चोट आई है। घायलों को तत्काल उपचार के लिए मसीही अस्पताल लाया गया। गंभीर हालत के चलते राहुल को रायपुर रिफर कर दिया। वहीं घायल मोक्ष को अस्पताल में भर्ती किया गया। घायल को एम्बुलेस से रायपुर ले जा रहे थे। इस दौरान रास्ते में उसकी स्थिति नाजुक होने पर वापस मसीही अस्पताल लाया गया जहां डाक्टर ने सोमवार की सुबह उसे मृत घोषित कर दिया। वहीं घायल कन्हैया की अस्पताल में इलाज के दौरान मौत हो गई। चौकी पुलिस ने दोनों शव का पंचनामा व पोस्टमार्टम के बाद उनके परिजनों को सौंप दिया है। घायल मोक्ष का उपचार जारी है।

# हेलमेट चेकिंग अभियान : दो दिन में 60 वाहन चालकों का कटा चालान

■ सड़क सुरक्षा को लेकर पुलिस सख्त, कार्रवाई से पुलिसकर्मी भी नहीं बच पाए

हरिभूमि न्यूज ▶▶धमतरी




पुलिस द्वारा दो दिन तक चलाए गए हेलमेट चेकिंग अभियान के दौरान 60 वाहन चालकों के खिलाफ चालानी कार्रवाई की गई है। कार्रवाई में नियम तोड़ने वाले आमजनों के साथ दो पुलिसकर्मी भी शामिल हैं।

सड़क सुरक्षा व अनुशासित यातायात व्यवस्था सुनिश्चित करने एसपी के निर्देशन में यातायात पुलिस द्वारा हेलमेट चेकिंग का विशेष अभियान चलाया जा रहा है। अभियान के तहत 1 से 2 अगस्त तक दो दिनों में रूद्री चौक, जनपद तिराहा के पास यातायात पुलिस द्वारा सघन चेकिंग की गई। इस दौरान बिना हेलमेट दोपहिया वाहन चलाते पाए जाने पर 60 वाहन चालकों के खिलाफ चालानी कार्रवाई की गई। बिना हेलमेट के चलने वालों में दो पुलिसकर्मी भी शामिल हैं। पुलिस द्वारा वर्दीधारियों का भी चालान काटा गया। आदेश का पालन नहीं करने पर दोनों पुलिसकर्मियों को स्पष्टीकरण भी जारी किया गया है। सभी चालकों को भविष्य में नियमों का पालन करने की सख्त समझाइश दी गई। आगामी समय में नियमों का उल्लंघन करते पाए जाने पर उक्त वाहन चालकों पर कठोर कार्रवाई करने की चेतावनी दी गई है।

यातयात पुलिस ने आम नागरिकों से अपने जीवन की सुरक्षा के लिए दोपहिया वाहन चलाते समय अनिवार्य रूप से हेलमेट का उपयोग करने की अपील की है। सभी वाहन चालकों को भविष्य में नियमों का पालन करने की कड़ी समझाइश दी गई। नियमों को तोड़ने पर कड़ी कार्रवाई करने की चेतावनी दी गई है।

उल्लेखनीय है कि यह कार्रवाई एसपी द्वारा जारी सख्त आदेशों के परिपालन में की गई है। जिससे यह संदेश जाएगा कि यातायात नियम आम नागरिकों या पुलिस सभी के लिए समान है। उल्लंघन करने पर सभी पर कार्रवाई की जाएगी।

# एनएचएम कर्मचारियों का चरणबद्ध आंदोलन शुरु




हरिभूमि न्यूज ▶▶धमतरी

■ सीएम को राखी के साथ भेजा मांग पत्र

अपनी लंबित मांगों को लेकर एनएचएम के संविदा कर्मचारियों ने चरणबद्ध आंदोलन शुरु करते हुए मुख्यमंत्री को राखी के साथ मांग पत्र प्रेषित किया है।

छग प्रदेश राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन एनएचएम कर्मचारी संघ के बैनरतले 2 अगस्त से प्रदेश भर में चरणबद्ध आंदोलन शुरु हो गया है। आंदोलन के तहत जिला अस्पताल में कार्यरत एनएचएम कर्मचारियों ने मुख्यमंत्री को राखी के साथ नियमितीकरण सहित अन्य मांगों का पत्र भेजा है। पत्र में महिला कर्मचारियों ने कहा है कि एक बहन के रूप में राखी के इस त्योहार पर आपके परिवार के सुखमय जीवन की कामना करते हैं। आशा है कि हमारे द्वारा भेजी गई राखी को स्वीकार करेंगे। सभी एनएचएम कर्मचारी बीते 20 वर्ष से समाज व देश की सेवा कर रहे हैं। इसके साथ ही घर परिवार की जिम्मेदारियां भी संभाल रहे हैं। संविदा नौकरी में अल्प वेतन, सुरक्षा का अभाव, सामाजिक आर्थिक सुरक्षा की चिंता परेशान कर रहा है। कोरोनाकाल में कठिन समस्याओं का सामना किया। इस राखी त्योहार पर संविदा प्रथा की समाप्ति, नियमितीकरण और लंबित वेतनवृद्धि की आशा करते हैं।

इस दौरान कंचन दुबे, शकुंतला साहू, दीपा गजेंद्र, ज्योति साहू, टूनम देवांगन, सुमन देवांगन, गामिनी चंद्राकर सहित अन्य कर्मचारी उपस्थित थे।

सीमांकन के बाद एकीकृत पोर्टल में सैकड़ों एकड़ जमीन शासकीय दर्ज

# माड़मसिल्ली के किसानों के पैरों तले खिसकी जमीन

हरिभूमि न्यूज ▶▶धमतरी



लगभग 100 किसानों का सैकड़ों एकड़ कृषि भूमि किसान पोर्टल में शासकीय जमीन दर्शाने से माड़मसिल्ली डूब प्रभावित किसानों के पैरों तले जमीन खिसक गई है। माड़मसिल्ली के किसानों ने कलेक्टर से कृषि भूमि का मालिकाना हक, किसान कार्ड बनवाने तथा ऋण पुस्तिका प्रदान करने की मांग की है।

सोमवार को कलेक्टर जनदर्शन में बड़ी संख्या में पहुंचे माड़मसिल्ली के किसानों ने बताया कि माड़मसिल्ली बांध अंतर्गत डूब प्रभावित गांव सायफनपारा, भोथापारा तथा माड़मसिल्ली के लगभग 100 किसान करीब 500 एकड़ जमीन पर कृषि करते हैं। किसानों ने बताया कि सन 1990-91 से पहले यह जमीन सिंचाई विभाग के अधीन थी। 1990-91 में बंदोबस्त के बाद यह जमीन राजस्व के अधीन की गई। उक्त जमीनों का राजस्व विभाग लगान लेता है। सन 2023-24 में राजस्व विभाग ने भूमि का सीमांकन कर कम्प्यूटरीकृत किया है। इसके बाद से माड़मसिल्ली की कृषि भूमि, बी-वन, नक्शा, खसरा शासकीय भूमि दर्शा रहा है। इस त्रृटि के कारण किसान समर्थन मूल्य पर धान विक्रय करने के अलावा किसानों को मिलने वाली शासकीय सुविधाओं से वंचित होना पड़ रहा है।

किसानों ने कलेक्टर से गुहार लगाई है कि उनकी समस्या को ध्यान में रखते हुए भू स्वामी का मालिकाना हक दिलाया जाए, किसान कार्ड बनाया जाए, किसानों को राजस्व ऋण पुस्तिका प्रदान की जाए ताकि धान खरीदी पंजीयन में कोई समस्या न हो और शासन की योजनाओं का लाभ मिल सके।

ज्ञापन सौंपने के दौरान प्रमुख रूप से सियाराम, मनीराम, कुमारलाल, सरोजकुमार, दूजराम, मनोहर, कुमारसिंग, रामसिंग, सुनील, देवसिंग, जगमोहन, टिकेश्वर, रामभरोसा, सुरेंद्र, प्यारेलाल, शिवलाल, जगमोहन सहित बड़ी संख्या में किसान उपस्थित थे।

पाठक सूचना
धमतरी जिले में हरिभूमि समाचार पत्र के स्थान पर कोई अन्य अखबार मिल रहा हो। एवं समाचार पत्र की प्रतियां, विज्ञापन एवं खबरों के लिए संपर्क करें
मो. 9826114710, 9993322768 9098324969

## खबर संक्षेप

### अंजली उसारे ने क्यूट परीक्षा किया क्रेक



**दुर्गूकोंदल।** कंगलू कुम्हार शासकीय महाविद्यालय दुर्गूकोंदल की बीएससी तृतीय वर्ष की छात्रा अंजली उसारे ने कॉमन यूनिवर्सिटी एंट्रेंस टेस्ट परीक्षा उत्तीर्ण कर एमएससी रसायनशास्त्र में प्रवेश के लिए दो प्रतिष्ठित केंद्रीय विश्वविद्यालयों इंदिरा गांधी राष्ट्रीय जनजातीय विश्वविद्यालय, अमरकंटक एवं गुरु घासीदास विश्वविद्यालय, बिलासपुर में काउंसलिंग कराई। दोनों ही संस्थानों में उनका नाम मेरिट सूची में शामिल हुआ। उन्होने गुरु घासीदास विश्वविद्यालय में एमएससी रसायनशास्त्र में प्रवेश लिया है।

### इलेक्ट्रिक डेटोनेटर के निर्माण और भंडारण पर प्रतिबंध

**कांकेर।** भारत सरकार द्वारा इलेक्ट्रिक डेटोनेटर के निर्माण, भंडारण, परिवहन, उपयोग और बिक्री पर 01 जुलाई से प्रतिबंध लगा दिया गया है। विस्फोटक नियम 2008 के अंतर्गत फॉर्म-एलई-1 और फॉर्म एलई-3 में विस्फोटक लाससेंसधारियों से कहा गया है कि सभी लाइसेंसधारी अपने पास मौजूद विस्फोटक के शेष स्टॉक की जानकारी 07 दिनों के भीतर ईमेल के माध्यम से उप मुख्य विस्फोटक नियंत्रण कार्यालय रायपुर को अवगत कराएं, ताकि आवश्यक कार्यवाही की जा सके। कलेक्टर एवं जिला दण्डाधिकारी द्वारा इस संबंध में पुलिस अधीक्षक, अनुविभागीय अधिकारी राजस्व और जिला खनिज अधिकारी को भी निर्देश जारी किए गए हैं।

### बाइक की ठोकर से घर के बाहर खेलता बालक गंभीर




**कांकेर।** पर्रेकोड़ो में घर बाहर खेल रहे बालक को मोटर सायकल के चालक ने वाहन को तेज व लापरवाही पूर्वक चलाते हुए अपनी चपेट में ले लिया। दुर्घटना में बालक वाहन के बंफर में फंस गया व उसे गंभीर चोट आई, जिसका ईलाज जारी है। शिकायत पर पुलिस ने आरोपी वाहन चालक के खिलाफ मामला दर्ज करते हुए विवेचना में लिया गया। कच्चे चौकी में शिकायत करने पहुंचे पर्रेकोड़ो निवासी 50 वर्षीय बैशाखिन बाई ने पुलिस को बताया कि 3 अगस्त को दोपहर करीबन 1 बजे घर पर थी। मेरा नाती रिहान कुमार विश्वकर्मा घर के सामने गली सीसी रोड किनारे खड़ा था। उसी समय आरोपी मोटर सायकल क्रमांक सीजी 19 बीडी 4409 के चालक मथेन कौड़ो अपने वाहन को कच्चे की ओर से तेज रफ्तार एवं लापरवाही पूर्वक चलाते हुए आ रहा था। जो मेरे नाती रिहान विश्वकर्मा जो घर के सामने खड़ा था उसको ठोकर मारकर एक्सीडेंट कर दिया। एक्सीडेंट से मेरा नाती मोटर सायकल के बम्फर मे फंसा था, जिसे घसिटते हुए दूर तक ले गया। दुर्घटना मे मेरे नाती रिहान के सिर व शरीर के अन्य हिस्से में चोट आया है। शिकायत पर पुलिस ने आरोपी मोटर सायकल क्रमांक सीजी 19 बीडी 4409 के चालक के खिलाफ धारा 125 (ए), 281 बीएनएस के तहत मामला दर्ज कर विवेचना में लिया गया।

### धर्मांतरण व अवैध घुसपैठ के खिलाफ आज आंदोलन

**भानुप्रतापपुर।** सर्व समाज भानुप्रतापपुर द्वारा कथित धर्मांतरण, मतांतरण एवं अवैध घुसपैठ के विरोध में मंगलवार 5 अगस्त को प्रातः साढ़े 11 भानुप्रतापपुर में रैली और दोपहर 1 बजे तक धरना-प्रदर्शन होगा। यह प्रदर्शन मंगलभवन से प्रारंभ होकर मुख्य चौक तक रैली के रूप में निकाला जाएगा। आयोजन का समय से दोपहर 1 बजे तक निर्धारित है। प्रदर्शन को भानुप्रतापपुर और संबलपुर के व्यापारी संघों का भी पूर्ण समर्थन प्राप्त है। प्रदर्शनकारियों की प्रमुख मांगे क्षेत्र में हो रहे कथित धर्मांतरण के विरुद्ध सख्त कार्रवाई, अवैध रूप से रह रहे घुसपैठियों की पहचान कर उन्हें तत्काल बाहर करने, स्थानीय संस्कृति, परंपरा और सामाजिक ताने-बाने की रक्षा के लिए राज्य व केंद्र सरकार से ठोस पहल करने की माँग रखी है।

सीआरपीएफ जवान ने स्कूल के गुरुजनों को प्रणाम किया, स्कूली जीवन के अनुभव साझा किए

# सीआरपीएफ में चयनित बेटे को लेकर विद्यालय का कर्ज चुकाने पहुंचे माता-पिता

हरिभूमि न्यूज ⏭ नगरी



सेजेस सिंगपुर में सोमवार को बड़ा गर्व का क्षण आया जब मेरठ में प्रशिक्षण ले रहे सीआरपीएफ के जवान योगेंद्र कंवर सिंगपुर निवासी को उनके माता-पिता अनूपाबाई कंवर एवं दुलेश्वर कंवर विद्यालय में आये बदलाव को दिखाने के लिए विद्यालय लेकर आये। तीनों विद्यालय की प्रार्थना में शामिल हुए। सीआरपीएफ के जवान दुलेश्वर ने विद्यालय पहुंचकर सबसे पहले विद्यालय को नमन किया, गुरुजनों को प्रणाम किया। स्कूली जीवन के अनुभव को बच्चों के साथ साझा किया।

उन्होंने कहा कि गुरु की बातें कड़वी लग सकती हैं लेकिन उसका परिणाम बहुत मीठा होता है। मैं सदैव गुरुओं का सम्मान करता रहा हूं, उन्हीं के आशीर्वाद से मुझे सफलता मिली है। आगे कहा कि हमारे जीवन में समय का बड़ा महत्व है। सुबह 3 बजकर 10 मिनट में मैदान पर पहुंचना, प्रत्येक गतिविधियों में शामिल होना हमें अनुशासन ही सिखाता है।

इस अवसर पर बच्चों ने सीआरपीएफ में चयन प्रक्रिया सम्बन्धी सवाल का जवाब भी उन्होंने दिया। उन्होंने निरन्तर अभ्यास पर जोर देने की बात कही। इस अवसर पर प्राचार्य ने कहा कि ऐसे ही जवान के कारण आज देश सुरक्षित है। उन्होंने माता-पिता के प्रति इस बात के लिए आभार व्यक्त किया कि उन्होंने अपने बेटे को देश की रक्षा के लिये भेजा है। सीआरपीएफ जवान ने विद्यालय के प्रति आभार व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि विद्यालय ने हमें शिक्षा के साथ साथ संस्कार दिया है, जिसका कर्ज चुकाना सम्भव नहीं है।

जवान योगेंद्र कंवर ने यह भी कहा कि सोशल मीडिया के माध्यम से विद्यालय में होने वाले बदलाव की जानकारी मिलती थी। आज यहां आकर उन बदलाव को आंखों के सामने देख रहा हूं। मेरा मन गदगद हो रहा है। इस दौरान विद्यालय में और संसाधन बढ़ाने के लिए दोनों जवान ने बन्द लिफाफे में नकद राशि विद्यालय को भेंट की। इस अवसर पर शिक्षकों के अलावा केशव साहू, तुषार साहू, कमलनारायण, तोषक विशेष रुप से उपस्थित थे।

# दृढ़ संकल्प और मेहनत से बड़े लक्ष्य हासिल किए जा सकते हैं

हरिभूमि न्यूज ⏭ नगरी

- गीतेश्वर ने यूजीसी नेट परीक्षा उत्तीर्ण की



शासकीय सुखराम नागे महाविद्यालय नगरी के इतिहास विभाग के छात्र गीतेश्वर कुमार ने अपनी कड़ी मेहनत और समर्पण के बल पर यूजीसी नेट (राष्ट्रीय पात्रता परीक्षा 2025) में सफलता हासिल की है।

विभागाध्यक्ष प्रो. हितेषानंद ठाकुर ने बताया कि गीतेश्वर ने इससे पहले पं. रविशंकर शुक्ल विवि रायपुर द्वारा जारी मेरिट सूची में भी स्थान बनाकर अपनी प्रतिभा का परिचय दिया था। उनकी यह उपलब्धि शैक्षणिक उत्कृष्टता और निरंतर प्रयासों का प्रमाण है। उनकी यह उपलब्धि ग्रामीण पृष्ठभूमि के छात्रों के लिए प्रेरणा का स्त्रोत है जो दर्शाती है कि दृढ़ संकल्प और मेहनत से बड़े लक्ष्य हासिल किए जा सकते हैं। गीतेश्वर वर्तमान में सीजीपीएससी सहायक प्राध्यापक भर्ती परीक्षा की तैयारी में जुटे है।

गीतेश्वर ने अपनी इस उपलब्धि का श्रेय अपने माता-पिता और गुरुजनों को दिया है। उन्होंने कहा कि पं. रविशंकर शुक्ल विवि की मेरिट सूची में स्थान प्राप्त करना मेरे लिए प्रेरणा का स्त्रोत था और यूजीसी नेट में सफलता ने मेरी आत्मविश्वास को और मजबूत किया है।

प्राचार्य डा. मनदीप खालसा ने कहा कि गीतेश्वर की सफलता हमारे महाविद्यालय के लिए गर्व का क्षण है। उनकी मेहनत और लगन अन्य छात्रों के लिए एक प्रेरणादायक उदाहरण है। डा. संध्यारजनी मिश्रा इतिहास अतिथि व्याख्याता ने कहा कि गीतेश्वर ने कड़ी मेहनत से सिद्ध किया है कि कोई भी लक्ष्य असंभव नहीं है।

वरिष्ठ प्राध्यापक डा. रमेश देवांगन, आइक्यूएसी प्रभारी प्रो. मोहित कुमार, डा. अश्वनी कुमार, प्रो. आरआर मेहरा, प्रो. जयराम कुर्रे, डा. दीपा देवांगन, प्रो. कौशल नायक, प्रो. लोकेश्वरी राठिया, प्रो. लालमन बेरवंश एवं समस्त स्टाफ ने शुभकामनाएं दी।

# सारंगपुरी में मनी तुलसीदास जयंती

हरिभूमि न्यूज ⏭ पुरी



मानस शक्ति कंडेल द्वारा संगीतमय मानस के माध्यम से ग्राम सारंगपुरी में तुलसीदास जयंती मनाई गई। विभिन्न मानस परिवार द्वारा संगीतमय प्रस्तुति दी गई। गांव सहित आसपास के सैकड़ों मान प्रेमी, सहित जनप्रतिनिधि पहुंचे थे। कार्यक्रम में सारंगपुरी के ग्रामवासी सहित मानस परिवार के रामभक्त जुटे हुए थे। यह जानकारी नरेंद्र कुमार साहू ने दी।

# गोस्वामी तुलसीदास जयंती पर रामचरित मानसगान आयोजित

हरिभूमि न्यूज ⏭ मगरलोड



ग्राम रेंगाडीह में समस्त ग्रामवासियों के सहयोग से गोस्वामी तुलसीदास जयंती पर आयोजित एक दिवसीय राघवेंद्र सरकार गुणगान श्रीराम चरित्र मानसगान सम्मेलन में कुल 6 मंडलियों ने हिस्सा लिया। जनपद अध्यक्ष वीरेंद्र साहू ने उद्बोधन में कहा कि रामायण हमारे हिन्दू संस्कृति का प्रतीक है। बाबा तुलसीदास ने रामायण को बड़ा ही सरल सहज शब्दों से अवधि भाषा में प्रस्तुत किया है। टिकाराम कँवर ने बताया कि तुलसीदास जी महाराज के सपनों में स्वयं भगवान श्री राम और हनुमान जी आते थे इस प्रकार से रामायण का रचना हुआ है। हमें भगवान राम के चरित्र को अपने जीवन में उतारना चाहिए। रामायण कार्यक्रम आयोजन में बेदराम दीवान और युवराज साहू का विशेष योगदान रहा है।

कार्यक्रम में मुख्य अतिथि जिपं धमतरी सभापति टिकाराम कँवर, विशिष्ट अतिथि जपं मगरलोड अध्यक्ष वीरेंद्र साहू, अतिथि जनपद सदस्य बबिता योगेश्वर ध्रुव, सरपंच लालाराम यादव, एसकुमार साहू, बेनूराम साहू, सोमप्रकाश साहू, संचालक टेकराम साहू, दूजराम ध्रुव, भारतलाल ध्रुव, ग्राम बैगा भगवानी साहू, दिनेश्वर दीवान, लोकसिंग ध्रुव, निर्मल साहू, उदेराम ध्रुव, मोहन यादव, हुकुमलाल साहू सहित ग्रामीण उपस्थित रहे।

# गांव की शांति के लिए हुई पूजा-अर्चना



हरिभूमि न्यूज ⏭ जीजामगांव

ग्राम पंचायत मुल्ले में सरपंच प्रतिनिधि एवं पंचगणों ने आखिरी रविवार के उपलक्ष्य में गौठान में गांव की शांति के लिए पूजा-अर्चना की एवं गांव की सुख समृद्धि की कामना की।

इस अवसर पर सरपंच प्रतिनिधि संदीप डहरिया, पंच भागीराम साहू, ओमप्रकाश डहरिया, पंच प्रतिनिधि विनयराव, नारायण रात्रे, कंप्यूटर ऑपरेटर पोखराज साहू, वरिष्ठ नागरिक बृजलाल कोठरे, बहुर कोसले, उत्तम लहरे, हेमलाल सेन, पूर्णानंद साहू, दुकालू यादव, डागेश्वर साहू, नीलम साहू मौजूद थे।

# कृष्णा जन्माष्टमी पर निकलेगी आकर्षक झांकी

- नगर सर्व यादव समाज ने जन्माष्टमी पर्व की तैयारी को लेकर बैठक आयोजित की

हरिभूमि न्यूज ⏭ नगरी



नगर में इस वर्ष भी धूमधाम से कृष्ण जन्माष्टमी मनाने बैठक आयोजित की गई। समाजजनों ने निर्णय लिया कि समाज के युवक-युवती व महिलाएं अपनी वेशभूषा में नगर भ्रमण करने यादव समाज भवन से निकलेंगे। कृष्णा जन्माष्टमी पर आकर्षक झांकी, अखाड़ा, राउत नृत्य आकर्षण का केंद्र रहेगा।

युवा प्रकोष्ठ प्रदेश उपाध्यक्ष डीके यादव ने समाज के युवाओं को प्रेरित करते हुए काहा संगठन के मजबूत होने से समाज का विकास होता है। नए कार्य करने से हौसला बुलंद होता है। प्रदेश उपाध्यक्ष यादव ने कार्यक्रम को गति प्रदान की। इस दौरान पदाधिकारियों का चयन हुआ। सचिव गोपीचंद यादव, सहसचिवद्वय शैलेश यादव, तरुण यादव, कोषाध्यक्ष हरीश यादव चुने गए।

मौके पर संरक्षक नंद यादव, दीनदयाल यादव, सुनाराम यादव, बुधलाल यादव, अश्वनी यादव, हेमलता यादव, लक्ष्मी यादव, गणेशिया यादव, राम बाई यादव, युवा प्रकोष्ठ अध्यक्ष डीके यादव, माखन यादव, हरीश यादव, चंद्रकांत यादव समेत बड़ी संख्या में समाजजन उपस्थित थे।

# ग्रामीणों ने पौधारोपण कर सुरक्षा का लिया संकल्प



हरिभूमि न्यूज ⏭ जीजामगांव

अल्प वर्षा एवं बढ़ती गर्मी को देखते हुए ग्राम पंचायत जीजामगांव के गोठान पर ग्रामीणों ने छायादार एवं फलदार पौधों का रोपण किया साथ ही इसे सुरक्षित रखने ट्री गार्ड भी लगाया। सभी लोगों ने पौधों को सुरक्षित रखने का संकल्प लिया।

इस अवसर पर सरपंच देवचरण चंद्राकर, उमेशराव गायकवाड़, सुधीर गायकवाड़, संतराम साहू, रामानंद यादव, सुरेश यादव, शरद साहू, दीनूदास बघेल, चम्मन पटेल, टिकेश पटेल समेत अन्य ग्रामीण उपस्थित थे।

# उमरगांव के कांवरियों ने कर्णेश्वर में किया जल अर्पित

- ग्राम के पुराने शिवमन्दिर में पूजा-अर्चना कर हुए थे रवाना

हरिभूमि न्यूज ⏭ नगरी



सावन मास के अंतिम एवं चौथे सोमवार को ग्राम उमरगांव के 150 कांवरिये जल लेकर ग्राम के पुराने शिवमन्दिर में पूजा-अर्चना कर बोलबम के जयकारे लगाते हुए महामाई फरसियां होते कोटेश्वर महादेव मंदिर के दर्शन कर सिहावा कर्णेश्वर धाम में महादेव में जल अर्पित कर आशीर्वाद प्राप्त कर फिर अपने गृहग्राम पहुंचे।

मौके पर उपसरपंच फलेंद्र साहू, पंच महेश पुजारी, बीरेंद्र साहू, तोषण साहू, नारायणदास, मेघराज ध्रुव, चन्द्रभान यादव, सुकनाथ साहू, नरेश सिन्हा, रामप्रसाद साहू समेत अनेक ग्रामवासी उपस्थित थे।

# सशिमं पुरूर में हुआ विज्ञान मेला का आयोजन

हरिभूमि न्यूज ⏭ पुरूर(धमतरी)



सरस्वती शिशु मंदिर उच्चतर माध्यमिक विद्यालय पुरूर में प्रसिद्ध रसायनज्ञ प्रफुल चंद्र राय की जयंती को विज्ञान मेला के रूप में मनाया गया जिसमें विज्ञान संकाय के छात्र हिमांशी सिन्हा, दिव्या साहू तथा कुबेर सिन्हा के द्वारा रासायनिक प्रयोग के माध्यम से रंग परिवर्तन का जादू दिखाया गया। वाणिज्य संकाय के छात्र बबिता यादव तथा डिम्पल सिन्हा द्वारा एटीएम का मॉडल प्रदर्शित किया गया तथा केशलेश लेन देन के महत्व को समझाया।

कला संकाय की छात्रा पूजा नेताम तथा वर्षा साहू के द्वारा कंप्यूटर के मॉडल से आधुनिक दुनिया में उसकी उपयोगिता को बताया गया। कृषि संकाय की छात्र हेमांशी नागवंशी, गुंजा टुमेश्वरी, शक्तिस्वरूपा द्वारा उन्नत खेती के मॉडल में उपर गाय तथा कुक्कुट पालन नीचे मत्स्य पालन तथा ड्रिप सिस्टम से खेती को प्रदर्शित किया। जीव विज्ञान संकाय की छात्राओं रेशमा साहू तथा डमिता साहू, द्वारा हृदय के चार्ट के माध्यम से रक्त तथा आक्सीजन प्रवाह को प्रदर्शित किया। निहारिका गजमल्ला ने सौरमंडल वेंदाश शेखर आहरनाल, डामेश प्रजापति, निखिल, साहू, नैतिक एवं साथियों ने विज्ञान प्रदर्शनी लगाई। मार्गदर्शक श्रीमती खुमेश्वरी साहू, चित्रलेखा पटेल रही। कार्यक्रम का संचालन आशा नेताम ने किया।

कार्यक्रम में आचार्य योगेश्वर साहू, अगेश्वर हिरवानी, खिलेश्वर साहू, नीमा साहू, पिंकी सेन, संतोषी नागवंशी, कुमुदनी यादव, टुमेश्वरी साहू, रोशनी साहू, सीमा निषाद, कामनी साहू, मंजू साहू, मनीषा साहू का सहयोग रहा। कार्यक्रम के अंत में विद्यालय के प्राचार्य वेदप्रकाश कटेन्द्र ने विज्ञान का जीवन में महत्व को बताते हुए उनके लाभ एवं हानि को भी बताया गया।

करगा में रामचरित मानस के रचयिता की जयंती मनाई गई

# रामचरित मानस ने मानव समाज को नई दिशा दी

हरिभूमि न्यूज ⏭ जीजामगांव



हिंदू धर्म ग्रंथ श्री रामचरित मानस के रचयिता संत गोस्वामी तुलसीदास की जयंती मानस शक्ति केन्द्र करगा (कुरूद) के तत्वाधान में गोवर्धन चौक करगा में मनाई गई। इस कार्यक्रम में मानस शक्ति केन्द्र की मानस मंडलियों के मानसकार एवं प्रबुद्धजनों ने राम भक्ति के माध्यम से समाज को दिशा देने वाले संत तुलसी दास को स्मरण किया।

कार्यक्रम की अध्यक्षता मानस शक्ति केन्द्र के अध्यक्ष नरेन्द्र ध्रुवंशी खर्रा ने की। उन्होंने अपने वक्तव्य में कहा कि तुलसीदास कवियों में शिरोमणि थे। उनके रचित रामचरित मानस ने मानव समाज को नई दशा एवं दिशा प्रदान की। सचिव भगवान सिंह शिक्षक चटौद ने कहा कि गोस्वामी तुलसीदास के रामचरितमानस ने जितना उपकार सनातन संस्कृति पर किया है, वह उल्लेखनीय है। उनका संपूर्ण जीवन विशिष्टताओं से परिपूर्ण है। सहसचिव बलराम साहू हथबंद ने कहा कि तुलसीदासजी ने रामचरित मानस भले ही 16 वीं शताब्दी में लिखा, लेकिन वह आज भी प्रासंगिक है और अनंत समयावधि तक रहेगी। यह महाकाव्य सनातन संस्कृति की अमूल्य धरोहर है।

संरक्षक भागीराम साहू मुल्ले ने कहा कि रामचरित मानस में ज्ञान भक्ति, कर्म व सदाचार का अद्भुत समन्वय है। धरमवीर वर्मा कुल्हाड़ी ने मानस का प्रयोजन लोक मंगल बताया। संरक्षक जगतराम साहू, अशोक साहू, टीकम साहू हथबंद ने कहा कि रामचरित मानस को जीवन में उतारने से हमारा जीवन सार्थक होगा।

कार्यक्रम का संचालन भगवान सिंह साहू शिक्षक एवं बलराम साहू द्वय ने किया। इस अवसर पर समिति उपाध्यक्ष चैतराम साहू, कोषाध्यक्ष नूतन पटेल, प्रचार महामंत्री रूपचंद साहू, इंदल साहू, उमेश कुमार, टिकेश्वर साहू, सियाराम बया, मुन्नालाल साहू, भागवत साहू, धनसाय साहू, संतूराम पटेल, नोहर राम, धनसिंग साहू, रामसाय साहू, पूरणलाल साहू, रामरतन पटेल, जेठूराम साहू, गणेशूराम पटेल, केजूराम, शंकर यादव, परमानन्द साहू, राधेश्याम बया सहित बड़ी संख्या में धर्मप्रेमी उपस्थित थे।

# चर्रा के ग्रामीणों ने की मुक्तिधाम की सफाई




हरिभूमि न्यूज ⏭ कुरूद

ग्राम चर्रा में रविवार को इतवारी त्यौहार मनाया गया जिसमें पर्यावरण प्रेमी ग्रामीणों ने इस दिन को यादगार बनाने गांव के सार्वजनिक स्थानों की साफ-सफाई कर छायादार पौधों का रोपण किया।

इसी क्रम में काशीराम साहू, राजू साहू, कार्तिक साहू, महेश कुमार साहू, हीरालाल साहू, जीवन साहू, मोतीराम साहू, दशरथ साहू, गोकर्ण साहू, रेखा राम साहू, छोटू साहू, कृष्णा साहू, सुरेंद्र कुमार साहू, भोलाराम साहू, राहुल साहू, दुर्गा साहू, झुमन साहू आदि ने गांव के मुक्तिधाम में पड़े प्लास्टिक शराब की शीशी, पॉलीथिन, कटीले पेड़ आदि की साफ सफाई कर फूलदार व छायादार पौधे लगाये।

## अंचल की खबरें

### साहू समाज की बहनों ने अर्जुनी थाने के जवानों को बांधी राखी



**धमतरी।** 3 अगस्त दिन रविवार को तहसील साहू समाज शहर धमतरी की बहनों ने अर्जुनी थाना पहुंचकर पुलिस भाइयों को रक्षाबंधन कर मिठाई खिलाई और बहनों ने रक्षा का आशीर्वाद लिया। इस अवसर पर साहू समाज की चंद्रभागा साहू, लता साहू, जानकी साहू, मीना साहू, रंजना साहू, खिलेश्वरी साहू, किरण साहू, पुष्प लता साहू, निर्मला साहू एवं महिला प्रकोष्ठ के सभी सदस्य उपस्थित थे।

### पचपेड़ी में ग्रामीणों और सामाजिक संगठनों ने किया पौधारोपण



**अंवरी।** ग्राम पंचायत पचपेड़ी में रविवार को वृहद पौधरोपण कार्यक्रम का आयोजन किया गया, जिसमें ग्राम पंचायत, ग्राम विकास समिति, साहू समाज, गायत्री प्रज्ञा मंडल और स्व-सहायता समूहों की सक्रिय भागीदारी रही। पर्यावरण संरक्षण और हरित गांव की दिशा में आयोजित इस अभियान में फलदार, छायादार और औषधीय पौधों का रोपण किया गया। कार्यक्रम में जनपद उपाध्यक्ष सतीश जैन, सरपंच विनय साहू, उपसरपंच राकेश पटेल, पंचगण व साहू समाज के वरिष्ठजन लोमेश साहू, भूपेंद्र साहू, टीकम साहू, गंगाराम साहू समेत अनेक ग्रामीणजन उपस्थित रहे। वक्ताओं ने लोगों से अधिकाधिक पौधे लगाने और उनकी देखभाल करने की अपील की। सामूहिक प्रयास से संपन्न इस आयोजन की ग्रामीणों ने सराहना की और भविष्य में भी ऐसे कार्यक्रम नियमित रूप से आयोजित करने की मांग की।

### छात्रों को मोबाइल के दुष्प्रभावों से अवगत कराया



**धमतरी।** दिगंत राठी एवं साक्षी साहू ने शासकीय माध्यमिक शाला जोधापुर के विद्यार्थियों को मोबाइल के प्रति जागरूकता विषय पर गतिविधि एवं परिचर्चा की। बच्चों को मोबाइल का अधिक और अनावश्यक उपयोग से होने वाले दुष्प्रभावों के बारे में जानकारी दी। विद्यार्थियों को मोबाइल से होने वाले नुकसान, दुष्प्रभावों से अवगत कराया गया जैसे आंखों में जलन, नींद पूरी न होना, पीठ में दर्द और शारीरिक समस्याएं होतर हैं। साथ ही छात्रों को अपनी कला को पहचानने और आउटडोर गेम्स खेलने के लिए प्रेरित किया।

### मोखा में ग्राम सुरक्षा समिति का गठन



**धमतरी।** ग्राम मोखा में ग्राम सुरक्षा समिति के नये पदाधिकारियों का चयन किया। अध्यक्ष गिरधारीलाल यादव, उपाध्यक्ष मोतीराम ध्रुव, सचिव तुलसीराम साहू, कोषाध्यक्ष खेमूराम देवांगन बनाए गग। सदस्यों में घनश्याम देवांगन, प्रेमलाल देवांगन, यशवंत देवांगन, उमेंद्र साहू, रामस्वरूप साहू, रामकृष्ण ठाकुर, कृष्ण देवांगन, संजय सोरी, भूषण साहू, मन्नूलाल ध्रुव, संतोष देवांगन, गजानन देवागंन शामिल हैं। इस अवसर पर बलदाऊराम साहू, सरजू राम साहू, उत्तम देवांगन, नीलकंठ देवांगन, निमेश साहू, मनोज नेताम, हेमलाल साहू, ठाकुर राम मरकाम सहित अन्य ग्रामवासी मौजूद रहे।

### कृष्ण जन्माष्टमी पर होगी विविध प्रतियोगिता



**धमतरी।** छत्तीसगढ़ कोसरिया यादव समाज नगर इकाई धमतरी की सामाजिक भवन आमातालाब धमतरी में हुई। बैठक का संचालन नगर इकाई उपाध्यक्ष नरेंद्र यादव ने किया। बैठक में सभी की सहमति से कृष्ण जन्माष्टमी 17 अगस्त रविवार को सर्व यादव समाज भवन में मनाने का निर्णय लिया गया। इस दौरान विभिन्न प्रतियोगिता होगी। मौके पर नगर इकाई अध्यक्ष रामेश्वर यादव, उपाध्यक्ष नरेंद्र यादव, जितेन यादव, चुनेश्वर यादव, पवन यादव, यशवंत यादव, नंदकिशोर यादव, हेमंत यादव, विजय यादव, हीरालाल, श्रीमती सुरेखा यादव, संतोषी यादव, संतोषी यादव, सुश्री गंगू यादव, अनीता यादव, पुष्पा यादव, अंजनी यादव, कुसुम यादव समेत अन्य उपस्थित थे।

### ब्रम्हाकुमारीज संस्थान का रक्तदान शिविर 24 को



**धमतरी।** प्रजापिता ब्रम्हाकुमारीज ईश्वरीय विश्वविद्यालय के तत्वावधान में संस्थान की मुख्य प्रशासिका दादी प्रकाशमणि की 18 पुण्यतिथि पर सिविल लाइंस दिव्यधाम में 24 अगस्त को विशाल रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया है। सेवा केंद्र की संचालिका सरिता बहन ने नगर के विभिन्न समाज के प्रमुखजनों एवं सेवाभावी संस्थान से उनके विचार और सुझाव आमंत्रित किए। बैठक में विभिन्न समाज के पदाधिकारी मौजूद रहे। आभार व्यक्त प्राजक्ता बहन ने किया। कार्यक्रम का संचालन कामिनी कौशिक ने किया।

### बोल बम सेवा समिति की रजत जयंती पर सावन महोत्सव का हुआ आयोजन

# समिति का कार्य सांस्कृतिक एकता और सेवा भावना का अद्वितीय उदाहरण है : अजय





हरिभूमि न्यूज ▶▶ कुरूद

पुरानी कृषि उपज मंडी प्रांगण में बम सेवा समिति कुरूद द्वारा कांवर यात्रा सहित विभिन्न सामाजिक-धार्मिक गतिविधियों के आयोजन के 25 वर्ष पूरे होने पर रजत जयंती वर्ष के रूप में सावन महोत्सव का आयोजन किया गया जहां समिति से जुड़े सेवाभावी कार्यकर्ताओं का सम्मान कर दो दिनों तक विशाल भंडारा के साथ छग के प्रसिद्ध कलाकारों द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम की प्रस्तुति भी हुई।

शुभारंभ दिवस कार्यक्रम के मुख्य अतिथि पूर्व कैबिनेट मंत्री व समिति के संरक्षक अजय चंद्राकर ने कहा कि भारतीय परंपरा और सांस्कृतिक जागरण का यह स्वर्णिम काल है। आज शिवमहापुराण कथा सबसे ज्यादा प्रचलित है। यह आयोजन न केवल भक्ति और समर्पण का प्रतीक है, बल्कि समाज में सांस्कृतिक एकता और सेवा भावना का अद्वितीय उदाहरण भी है। भगवान शिव से प्रार्थना है कि वे सभी श्रद्धालुओं एवं क्षेत्रवासियों को सुख, शाति और समृद्धि का आशीर्वाद प्रदान करें।

पूर्व नपं अध्यक्ष निरंजन सिन्हा, राजकुमारी दीवान ने 25 वर्षों के समाजिक-धार्मिक समिति बोल बम सेवा समिति के पदाधिकारियों एवं सदस्यों का अभिनंदन करते हुए आगे भी समाज सेवा करते रहने की शुभकामनाएं दीं। अध्यक्षता कर रही नपं अध्यक्ष ज्योति चन्द्राकर ने आयोजन समिति द्वारा जनहित में किए जाने वाले कार्यों का उल्लेख करते हुए इसमें निरंतरता बनाए रखने की बात कही। समापन दिवस पर बतौर अतिथि गीतेश्वरी साहू अध्यक्ष जपं कुरूद, वीरेन्द्र साहू अध्यक्ष जपं मगरलोड, रजत चन्द्राकर, लोकेश्वर सिन्हा, आशीष शर्मा, हितेन्द्र केला, भोजराज चन्द्राकर, मालकराम साहू, महावीर गुप्ता आदि ने बोलबम सेवा समिति के कार्यों की प्रशंसा की।

#### 25 वर्षों की यात्रा के सहभागी 80 सेवकों का हुआ सम्मान

इस मौके पर अतिथियों द्वारा संस्था के 25 वर्षों की यात्रा में सहयोग और निरंतर बाबा बैद्यनाथ यात्रा करने के लिए 80 लोगों को स्मृति चिन्ह और भगवा गमछा पहनाकर सम्मानित किया गया। मंच पर नपं उपाध्यक्ष देवव्रत साहू, नेता प्रतिपक्ष डुमेश साहू, शिवप्रताप ठाकुर, राहुल महावर, सुभाष अग्रवाल, भानु चन्द्राकर, मूलचंद सिन्हा, बसंत ध्रुव, महेन्द्र गायकवाड़, रवि मानिकपुरी, राजकुमारी ध्रुव, कविता चन्द्राकर बतौर अतिथि मौजूद थे। मंच संचालन सोसायटी अध्यक्ष प्रभात बैस व आभार व्यक्त संस्था प्रमुख भानु चन्द्राकर ने किया।

#### अब तक 10 हजार श्रद्धालुओं ने की बैद्यनाथ धाम की यात्रा

स्वागत उद्बोधन में बोल बम सेवा समिति के अध्यक्ष भानु चन्द्राकर ने बताया कि 25 वर्षों से कुरूद-धमतरी क्षेत्र के 10 हजार से ज्यादा श्रद्धालुओं को संस्था द्वारा बाबा बैद्यनाथ धाम कांवर यात्रा कराई गई है। संस्था द्वारा दो एम्बुलेंस के माध्यम से मरीजों को अस्पताल पहुंचाने, निधन होने पर परिजनों को 3 क्विंटल लकड़ी दान, 73 लावारिस शवों का अंतिम संस्कार आदि विभिन्न जनसेवा के कार्य किए जा रहे हैं। प्रथम दिवस छतीसगढ़ी कलाकार सुनील सोनी कृत लोककला एवं द्वितीय दिवस दुष्यंत हरमुख एवं रिंकी देवांगन की रंग झरोखा की सुमधुर प्रस्तुति हुई।

## दरबा से 350 कांवरिये कुलेश्वर धाम के लिए रवाना



हरिभूमि न्यूज ▶▶ जीजामगांव

ग्राम दरबा से नयापारा राजिम कुलेश्वर धाम के लिए हर घर से एक व्यक्ति निकलने का लक्ष्य रखा गया था जिसमें 350 लोगों ने हिस्सा लिया। गांव की खुशहाली और हिंदुत्व की रक्षा के लिए कांवर यात्रा निकाली गई। इस कांवर यात्रा में सभी समाज के लोगों ने हिस्सा लिया। सरपंच श्रीमती पूजा साहू ने बताया कि ग्राम दरबा एक ऐसा शिवभक्त गांव है जहां के लोग भगवान भोलेनाथ की पूजा-अर्चना ऐसे विधि विधान से करते हैं कि प्रत्येक घर में भगवान भोलेनाथ की कृपा दिखाई पड़ती है। उपसरपंच गुलशन कुमार साहू ने बताया कि गांव में इतनी एकजुटता है कि अगर कोई कार्यक्रम आयोजित किया जाए तो सभी लोगों का सहयोग अवश्य प्राप्त होता है।

मौके पर सरपंच श्रीमती पूजा साहू, पंच कमलेश साहू, योगेश साहू, श्रीमती पार्वती यादव, श्रीमती सुमित्रा, दिनेश साहू, रामखिलावन साहू, गंगाराम, तरुण साहू, खोजलाल देवांगन, ओमप्रकाश, पूरण, रवि, संजू, पीयूष, अलखराम,फलेंद्र साहू, श्रीमती लता साहू, दुर्गेश्वरी साहू, चुम्मन साहू, नंदू यादव, हिरामन यादव, खुशी, कविता, झरना समेत अन्य मौजूद थे।

## हाईस्कूल घटुला में छात्र संगठन का चुनाव हुआ



■ शाला नायक बनी कुमारी वर्षा रानी

**नगरी।** शीतला देवी हाईस्कूल घठुला में विगत दिवस छात्र संगठन के पदाधिकारियों का चुनाव किया गया। सभी पदाधिकारियों का शपथ ग्रहण कार्यक्रम संपन्न हुआ। इस अवसर पर शाला प्रबंधन समिति अध्यक्ष बिरेंद्र मिश्रा, पंच मोनू साहू, संस्था के प्राचार्य राजेन्द्र कश्यप, सहित ओपी साहू, सीएल साहू, एचके जांगड़े, श्रीमती जी नेताम, कुमारी रोहणी श्रीमाली, सहायक ग्रेड 02 खेमचंद नेताम, सहायक ग्रेड 03 श्रवण यादव, भृत्य ललित पटेल, श्रीमती गोदावरी शांडिल्य,शीतल राम ध्रुव आदि उपस्थित थे। छात्र संगठन के शाला नायक वर्षारानी साहू, कक्षा-10वीं उप शाला नायक : वेदप्रकाश मरकाम, कक्षा-9वीं छात्रा प्रतिनिधि : भावना देवांगन, कक्षा-10वीं क्रीडा सचिव : सचिन देवांगन, कक्षा-10वीं सांस्कृतिक सचिव : झरना नाग, कक्षा-10वीं अनुशासन सचिव : भेनु देवांगन, कक्षा-10वीं पर्यावरण सचिव : पल्लवी कौशिक, कक्षा-10वीं स्वास्थ्य एवं स्वच्छता सचिव : लुभावना साहू, कक्षा-10वीं कक्षा नायक : वंशिका पटेल कक्षा नायक 9 वीं अ दिव्या कक्षा नायक 9 वीं (B) : योगिता को बनाया गया है।

## भाजपा महिला मोर्चा की महिलाओं ने पुलिसकर्मियों को राखी बांधी



**अंवरी।** भाजपा महिला मोर्चा मण्डल भखारा ने पुलिसकर्मियों को राखी बांधकर उनकी सुरक्षा और कुशलता की कामना की। पुलिसकर्मियों ने भी बहनों को सुरक्षा का वचन दिया। यह त्योहार भाई-बहन के प्रेम और सुरक्षा के बंधन को दर्शाता है। पुलिस थानों में भी इस त्योहार को उत्साह और खुशी के साथ मनाया जाता है।

मोर्चा की बहनों ने पुलिस थानों में जाकर पुलिसकर्मियों को राखी बांधी। राखी बांधने के बाद बहनों ने पुलिसकर्मियों को मिठाई खिलाई और उनकी लंबी उम्र की कामना की। पुलिसकर्मियों ने भी बहनों को सुरक्षा का वचन दिया। इस अवसर पर पुलिसकर्मी और मंडल भखारा की कार्यकर्ता उपस्थित थी।

## कोर्रा सोसाइटी में खाद का वितरण ठप



■ दो दिन के भीतर वितरण न होने पर किसानों ने सोसाइटी का घेराव करने की दी चेतावनी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ अंवरी

खरीफ फसल का कार्य जोरों पर है और खाद की आपूर्ति अभी भी किसानों को नहीं हुई है। किसानों को अपनी फसल के लिए खाद अत्यंत आवश्यक है। सहकारी समिति कोर्रा अंतर्गत गातापार, रामपुर और जुगदेही सोसाइटी में खाद उपलब्ध होने के बाद भी वितरण नहीं किया जा रहा है।

ब्लाक कांग्रेस कमेटी भखारा अध्यक्ष राजू ने किसानों के साथ सोसाइटी पहुंच किसानों को खाद वितरण को लेकर सोसाइटी प्रबंधक से जानकारी ली, जिस पर प्रबंधक ने इनवाइस नंबर और खाद में रेट वृद्धि के कारण वितरण न हो पाना बताया। डीएमओ राजपूत से दूरभाष से चर्चा करने पर उन्होंने बताया कि कंपनी द्वारा अभी तक रेट लिस्ट नहीं भेजे जाने के कारण वितरण नहीं हो पाया है, जबकि सोसाइटी में 10 दिनों से खाद पड़ी हुई है। किसानों का कहना है कि क्षेत्र में अभी रोपा और चलाई का कार्य जोरों पर है। किसान खाद के लिए चक्कर लगाए या खेत जाए। सरकार शुरू से किसानों को परेशान कर रही। चाहे रबी फसल धान का रेट हो या खरीफ फसल की लिए खाद बीज की उपलब्धता हो। किसानों ने 2 दिन के अंदर खाद का वितरण न होने पर सोसाइटी का घेराव करने की चेतावनी दी है। इस अवसर पर सोहन साहू पूर्व जोन अध्यक्ष, गैंदलाल साहू मड़ेली मंडल अध्यक्ष, राजा बंजारे कोर्रा मंडल अध्यक्ष, यशवंत गुरु सेवादल, दिलीप साहू सहित अनेक किसान उपस्थित थे।

## मोरध्वज बने नव आनंद कला मंदिर दुर्गा उत्सव समिति के अध्यक्ष



■ नगर में विगत 73 वर्षों से एक ही स्थान पर मां दुर्गा की प्रतिमा विराजित हो रही

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नगरी

नगर में नव आनंद कला मंदिर दुर्गा उत्सव समिति द्वारा नवरात्रि पर विभिन्न कार्यक्रम को संचालित करने के लिए प्रति वर्ष नया नेतृत्वकर्ता चुना जाता है। इस बार मोरध्वज पटेल को समिति का नया अध्यक्ष चुना गया। उनके नेतृत्व में इस वर्ष दुर्गा महोत्सव को और भी भव्य और सांस्कृतिक रूप से समृद्ध रूप में मनाने की तैयारी की जा रही है। ज्ञात हो कि नगरी की दुर्गा उत्सव समिति, नव आनंद कला मंदिर नगरी एवं विजयदशमी महोत्सव विगत 73 वर्षों से एक ही स्थान पर दुर्गा माता विराजित करते आ रहे हैं। इसी परंपरा का निर्वाह करते हुए वर्ष 25-26 के लिए नई समिति का चयन किया गया है। नगर व्यवस्था समिति के संरक्षक बलजीत छाबड़ा, अध्यक्ष नंदकुमार यादव, श्री राम नवयुवक परिषद के अध्यक्ष अशोक पटेल, नगर पुरोहित ठाकुरी धर शर्मा की चयन समिति में सर्व सहमति से अध्यक्ष चुना गया। अध्यक्ष चयनित होने पर मोरध्वज पटेल ने कहा कि यह मेरे लिए केवल एक पद नहीं, बल्कि सेवा का अवसर है।

मौके पर ललितप्रसाद शर्मा, राघवेंद्र वर्मा, सचिव प्रदीप छाजेड़, उपाध्यक्ष सहदेव राम साहू, नरेंद्र नाग, मनोज गुप्ता, जसपाल खनूजा, भारत लाल साहू, रवेनद्र साहू, कोषाध्यक्ष ज्वाला प्रसाद साहू, ललित निर्मलकर, यशवंत साहू, पार्षद अश्विनी निषाद, हरीश सार्वा, दीनदयाल यादव, दुलेश्वर गौर, ईश्वर साहू, सुरेश साहू, देवेन्द्र साहू, निखिल नेताम, मुकेश संचेती, प्रकाश सोनी, नागेन्द्र शुक्ला, रघुराम साहू, गजेन्द्र कंचन, रामरतन साहू, देवी चंद जैन, हरीश यादव, हेमू सेन, सुनील निर्मलकर, योगेश साहू, धर्मेंद्र निषाद समेत अन्य मौजूद थे।

## पचपेड़ी में विकास समिति का हुआ गठन



हरिभूमि न्यूज ▶▶ अंवरी

ग्राम पंचायत पचपेड़ी में ग्राम विकास समिति का गठन सर्वसम्मति से किया गया। इस गठन में विजय गिरी गोस्वामी को समिति का अध्यक्ष चुना गया, जबकि गणेश गजपाल और बी. आर. साहू को उपाध्यक्ष पद की जिम्मेदारी सौंपी गई। कमलेश हिरवानी को कोषाध्यक्ष, ननकु निषाद को सचिव तथा धनंजय साहू को संरक्षक पद पर नियुक्त किया गया। गठन उपरांत विभिन्न विकासात्मक विषयों पर चर्चा की गई। इसके पश्चात सभी नवनियुक्त पदाधिकारियों का पारंपरिक रूप से गुलाल-टीका लगाकर सम्मान किया गया। इस अवसर पर ग्राम के सरपंच विनय साहू, उपसरपंच राकेश पटेल, वशिष्ठ साहू, ईश्वर साहू, जगदीश साहू, मोहनी साहू, खेमलाल साहू, करनदानी, हुलेश साहू, पन्ना साहू, शोभित साहू, गुलाब राम सहित बड़ी संख्या में ग्रामीणजन उपस्थित रहे। ग्रामवासियों ने समिति से गांव के समग्र विकास की आशा जताई है।

## पौधारोपण कर लिया सोसायटी से विदाई



हरिभूमि न्यूज ▶▶ मगरलोड

■ जगदीश्वरनाथ को दी विदाई

शुक्रवार को प्राथमिक कृषि साख समिति मोहंदी में आयोजित समारोह में शामिल सोसायटी प्रबंधक सेवा से सेवानिवृत्त हुए जगदीश्वर नाथ साहू को समिति मोहंदी ने संयुक्त रुप से विदाई दी। इस अवसर पर समिति के कर्मचारियों, किसान एवं जनप्रतिनिधि की ओर से पुष्प गुलाल से स्वागत कर उपहार भेंट कर उनके उज्जवल भविष्य की कामना की। विदाई समारोह में जनपद पंचायत सदस्य कृष्ण कुमार ध्रुव, सरपंच अनीता कोसले, प्रभारी प्रबंधक गोपाल साहू, प्राधिकृत अधिकारी जनक साहू, सरपंच प्रतिनिधि राजू कोसले, पूर्व सरपंच श्रवण साहू, सरपंच हरिविनायक सिन्हा, सरपंच प्रतिनिधि देवकरण सेन, पूर्व प्राधिकृत अधिकारी बाल गोविंद साहू, गोवर्धन साहू, मनोहर सिन्हा, फूल जी सिन्हा, पुरुषोत्तम सिन्हा, बलदेव, एवं किसानों ने गुलाल लगाकर अभिनंदन किया। सोसायटी के कर्मचारियों ने श्रीफल व स्मृति चिन्ह भेंट किया। अंत में विदाई अवसर पर सोसाइटी परिसर में पौधे रोपण किया गया।

## अंवरी स्कूल में मनाया गया मुंशी प्रेमचंद जयंती



हरिभूमि न्यूज ▶▶ अंवरी

शाउमावि अंवरी में मुंशी प्रेमचंद के जन्म दिवस 31 जुलाई को प्रेमचंद व उनकी रचना से परिचित होने कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ प्राचार्य पीएन साहू व समस्त शिक्षकों के द्वारा मां सरस्वती की पूजा अर्चना से शुरू हुआ। कार्यक्रम का संचालन काजल, प्रशांत कुमार, तमन्ना बांधे उनके अन्य सहयोगी छात्र-छात्राओं ने मिलकर किया व संस्था के छात्र छात्राओं ने उपन्यास सम्राट मुंशी प्रेमचंद की रचनाएं- गोदान, गबन , कर्मभूमि के बारे अपनी प्रस्तुति दी। सभी लोग उनकी रचनाओं व जीवन परिचय से अवगत हुए। इस अवसर पर संस्था प्रमुख प्राचार्य पीएन साहू, व्याख्याता आई आर साहू, के एल यादव, लालबहादुर साहू, योगेश साहू, पूर्णानंद सारंग, विज्ञान सहायक शिक्षक डीके साहू व्याख्याता पी सिन्हा, के एल घोघरे, वत्सला चन्द्राकर, स्वाति टण्डन, गीता जांगड़े व अन्य कर्मचारी रामहू ध्रुव, झनक लहरे, पी डहरे, नरसिंग नेताम व समस्त छात्र-छात्राएं उपस्थित थे।

## नशे के सौदागरों के खिलाफ पुलिस की बड़ी कार्रवाई



■ तीन माह में 57 प्रकरण दर्ज, 68 आरोपी गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ▶▶ धमतरी

पुलिस ने अभियान चलाकर बीते तीन माह में नशे के सौदागरों के खिलाफ 57 प्रकरण दर्ज किया है। 68 आरोपी गिरफ्तार हुए है।

नशा उन्मूलन के तहत चलाए जा रहे अभियान अंतर्गत मई, जून व जुलाई माह में पुलिस द्वारा नारकोटिक्स एक्ट एवं आबकारी एक्ट के तहत प्रभावी कार्रवाई की गई है। इन तीन महीनों में नारकोटिक्स एक्ट के तहत 6 मामले दर्जकर 11 आरोपियों को गिरफ्तार किया गया है। आरोपियों के कब्जे से कुल 20 किलो 255 ग्राम मादक पदार्थ गांजा कीमत 2 लाख 16 हजार रूपये जप्त किया गया है। वहीं 235 नग कैप्सूल व टैबलेट कीमत 5 हजार 73 रूपये व बिक्री रकम 14 सौ रूपये जप्त की गई है। कार्रवाई में 0.9 ग्राम हेरोईन कीमत 10 हजार बिक्री रकम 7200 रूपये जप्त हुई। इसी तरह आबकारी एक्ट अंतर्गत कुल 51 प्रकरण में 57 आरोपी को गिरफ्तार किया गया। आरोपियों से 295 लीटर देशी व अंग्रेजी शराब कीमत 1 लाख 25 हजार 675 रूपये जप्त की गई।

## दौड़पंडरी में भोजली जंवारा का हुआ विसर्जन

**नगरी।** नगरी विकासखण्ड के अंतिम छोर के गांव दौड़पंडरी पानी आज भी पुराने रीति रिवाज नहीं भूले जिसमें नवाई उपवास तिहार गांव में बड़ी रीति रिवाज से मनाया जाता है। जिसमें छोटे छोटे बच्चियों के द्वारा नवाई उपवास करते हैं। हरेली के दिन भोजली बोआई किया गया है नौ दिनों तक विधि विधान से पूजा अर्चना किया जाता है।

## खबर संक्षेप

### लिमतरा में गोदाम निर्माण की स्वीकृति से हर्ष

**धमतरी।** लिमतरा कृषि साख सहकारी समिति लिमतरा में 200 मी. टन गोदाम निर्माण के लिए 12.41 लाख की स्वीकृति मिलने से क्षेत्र के किसानों में खुशी की लहर है। भाजपा महामंत्री रामू रोहरा, रंजना साहू, इंदरचंद चोपड़ा, शशि पवार के प्रयास से लिमतरा में गोदाम निर्माण की स्वीकृति मिली है। इसके लिए सोसायटी अध्यक्ष आनंद चंद्राकर, अश्वनी, अमरदास, हरदेव चंद्राकर, विरेंद्र ध्रुवंशी, तिलक, चंद्रहास, भेषकुमार, मूलचंद, दीनदयाल साहू, देवेंद्र कुमार, छबिलाल एवं सोसायटी प्रबंधक प्रेमकुमार साहू ने हर्ष व्यक्त किया है। यह जानकारी घनश्याम सिंह साहू ने दी है।

### वेंकटेश्वर स्वामी का होगा हल्दी से अभिषेक आज

**जगदलपुर।** भगवान वेंकटेश्वर स्वामी का बालाजी मंदिर में 5 अगस्त को एकादशी के शुभ अवसर पर सुबह 10 बजे हल्दी से अभिषेक किया जाएगा। पूजा के उपरांत भोजन प्रसाद की व्यवस्था भक्तों के लिए की गई है।

### भारतीय राज्य पेंशनर्स महासंघ का प्रांतीय अधिवेशन संपन्न

**जगदलपुर।** भारतीय राज्य पेंशनर्स महासंघ का प्रांतीय अधिवेशन तीन अगस्त को रायपुर में संपन्न हुआ। अधिवेशन में बड़ी संख्या में प्रदेश भर के पेंशनर्स शामिल हुए। इस अधिवेशन में बस्तर संभाग के नारायणपुर, कांकेर, कोंडागांव, जगदलपुर, दंतेवाड़ा एवं बीजापुर से महासंघ के जिलाध्यक्षों के नेतृत्व में बड़ी संख्या में पदाधिकारी, पेंशनर साथी एवं मातृ शक्ति अधिवेशन में शामिल होकर सफल बनाने में योगदान प्रदान किए। अधिवेशन में मुख्य अतिथि से केशकाल के विधायक नीलकंठ टेकाम ने कहा कि पेंशनरों के महंगाई राहत में बाधक मध्यप्रदेश पुनर्गठन अधिनियम को लेकर विचार मंथन हो रहा है, किंतु ये भारत शासन का एक्ट है,इसलिए शीघ्र ही इसे विलोपित करने की दिशा में विधानसभा शासकीय संकल्प लाया जावेगा। इस कार्य मेरा पूरा योगदान रहेगा। उन्होंने अधिवेशन को और व्यापक रूप में करने का सुझाव दिया।

मराठा समाज आक्रोशित, अमन जाचक की बहाली नहीं होने पर उग्र कदम उठाने की चेतावनी दी

# सौ क्विंटल पुस्तकें कबाड़ में 8 रूपए किलो के भाव से बिकी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ धमतरी


सहायक ग्रेड-3 बना बलि का बकरा

सौ क्विंटल स्कूली किताबों को कबाड़ में बेचने का मामला तूल पकड़ लिया है। जिला शिक्षाधिकारी कार्यालय में पदस्थ सहायक ग्रेड-3 अमन जाचक को निलंबित करने के बाद मराठा समाज आक्रोशित है। सोमवार को कलेक्टर जनदर्शन में मराठा समाज ने कलेक्टर के नाम ज्ञापन सौंपकर अमन जाचक की पुनः बहाली की मांग की है। तत्कालीन जिला शिक्षाधिकारी पर नियमानुसार आवश्यक कार्रवाई नहीं होने पर समाज ने उग्र कदम उठाने की चेतावनी दी है। मराठा समाज ने कलेक्टर को सौंपे ज्ञापन में कहा कि अमन जाचक सहायक ग्रेड-3 जिला शिक्षाधिकारी कार्यालय में पदस्थ थे। पिता की मृत्यु उपरांत उन्हें अनुकंपा नियुक्ति दी गई थी। अमन जाचक को जिला शिक्षाधिकारी ने कबाड़ में पुस्तक बेचने के आरोप में निलंबित किया है। सचिव छग शासन रेणु पिल्ले की अध्यक्षता में गठित समिति में जिला शिक्षाधिकारी धमतरी की संलिप्तता की खबरें आई हैं। मराठा समाज ने शिकायत ज्ञापन में कहा कि कलेक्टर के आदेश पर 26 दिसम्बर 2015 को अमन जाचक स्व. मदनमोहन जाचक को जिला शिक्षाधिकारी कार्यालय में नियुक्ति मिली। उन्हें जिला शिक्षाधिकारी के आदेश पर पुस्तक को कबाड़ में बेचने के आरोप में निलंबित किया गया है जो अधिकारी के क्षेत्राधिकार में नहीं है। उन्होंने सेवानिवृत्ति के एक दिन पूर्व द्वेषपूर्ण भाव से अपने पद का दुरूपयोग करते हुए निलंबन की एकतरफा कार्रवाई की। पुस्तकों को कबाड़ में बेचने की विभागीय जांच एक सम्पूर्ण कार्रवाई गोपनीय तरीके से की गई। जांच कार्रवाई बीआरसी कार्यालय में किया जाना संदेहास्पद है। सूचना के अधिकार से प्राप्त जानकारी में 10 टन किताब सहायक ग्रेड-3 द्वारा बेचने की संभावना नगण्य है। इसमें जिला शिक्षाधिकारी की संलिप्तता स्पष्ट है लेकिन अधिकारी पर कार्रवाई नहीं होना संदेह का विषय है। सूचना के अधिकार में प्राप्त शपथपूर्ण कथन में कबाड़ी मो. फराज कुरैशी ने कहा कि अमन जाचक ने उसे जिला शिक्षाधिकारी के फोन पर बात कराई। 8 रूपय प्रति किलो की दर से सौदा तय हुआ। टेंडर होने के सवाल पर बिना टेंडर के बेचने का उल्लेख है। तत्कालीन जिला शिक्षाधिकारी ने अपने पद का दुरूपयोग करते हुए अमन जाचक पर एकतरफा कार्रवाई करते हुए सीधे बर्खास्त किया है। उक्त कार्रवाई का मराठा समाज घोर विरोध करता है। बर्खास्तगी के आदेश को शून्य करते हुए अमन जाचक को सेवा में बहाल किया जाए। तत्कालीन जिला शिक्षाधिकारी पर नियमानुसार आवश्यक कार्रवाई नहीं होने की स्थिति में समाज द्वारा उग्र कदम उठाया जाएगा जिसकी सम्पूर्ण जिम्मेदारी शासन-प्रशासन की होगी। ज्ञापन सौंपने के दौरान आनंद पवार, दीपक लोंढे, महेन्द्र गायकवाड़, अशोक कावड़े, कमलेश पवार, अनिल सालुंके, भरत मगर, प्रकाश पवार, नवीन जाचक, नूतन जाचक, किशोर गायकवाड़, सतीष जाधव, सतीश मगर, पवन जाधव, रितुराज पवार, नरेन्द्र शिंदे, राकेश घोरपड़े, सुशील पवार, सुरेन्द्र मगर, सोनू पवार, राजू गायकवाड़, तरूण घाटगे, शानू जगताप, अमूल जाचक, गुड्डा पेंदरिया, ममता बाबर, निरूपमा भाडुंलकर, नम्रता पवार, पिंकी चौव्हान, संगीता मगर, रिंकी जाधव, विजेता रक्टाटे, सरोज रक्टाटे, रश्मि पवार, प्रीति कृदत्त, डॉली पवार, मोहनी जाचक आदि मौजूद थे।

**जांच उपरांत बर्खास्तगी**

इस संदर्भ में ना मुझे एवं पूरे स्टाफ को भी नहीं मालूम था। डीपीआई से नोटिस आने पर पता चला कि पाठ्य पुस्तक प्रभारी अमन जाचक द्वारा पुस्तक कबाड़ में बेची गई है। विभागीय जांच में आरोप सिद्ध होने के पश्चात उसको बर्खास्त किया गया है।

- टी.आर. जगदल्ले
*तत्कालीन जिला शिक्षाधिकारी धमतरी*

## अर्द्धनारीश्वर शिवलिंग प्राण-प्रतिष्ठा समारोह में उमड़ा जनसैलाब



■ महापौर रामू रोहरा बोले: शिव ही संपूर्णता के प्रतीक हैं

हरिभूमि न्यूज ▶▶ धमतरी

श्रावण मास के अवसर पर सदर उत्तर वार्ड में धर्म, श्रद्धा और भक्ति का एक अद्भुत संगम देखने को मिला, जहां अर्द्धनारीश्वर शिवलिंग की प्राण प्रतिष्ठा का भव्य आयोजन वैदिक मंत्रों के साथ हुआ। आयोजन स्थल श्रद्धालुओं की भीड़ से खचाखच भरा रहा और पूरा वातावरण हर हर महादेव के दिव्य जयघोषों से गूंजता रहा।

कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में महापौ रामू रोहरा शामिल हुए। उन्होंने पूजा-अर्चना कर नगर की खुशहाली, सौहार्द्र और सुख-समृद्धि की कामना की। महापौर रामू रोहरा ने कहा कि

अर्द्धनारीश्वर रूप भगवान शिव हमें यह सिखाते हैं कि पुरुष और स्त्री तत्व एक-दूसरे के पूरक हैं। सावन मास भक्ति, साधना और सेवा का महीना है और ऐसे आयोजन समाज में प्रेम, संयम व अध्यात्म का संचार करते हैं।

उन्होंने आयोजन समिति को इस प्रेरणादायक पहल के लिए बधाई दी और हरसंभव सहयोग का आश्वासन दिया। पूजन के उपरांत विशाल भंडारे की भी व्यवस्था की गई थी, जहां श्रद्धालुओं ने प्रसाद ग्रहण कर भक्ति और सेवा का अनुभव प्राप्त किया। मौके पर निलेश लुनिया, अखिलेश सोनकर, अज्जु देशलहरे, शिव महाराज, संतोष सोनकर, अविनाश दुबे, गौरव मगर, शुभम जायसवाल, पिंटू डागा, आकाश भोजवानी, बाली सोनी और गीत लहरे विशेष रूप से मौजूद थे।

## मुक्तिधाम में रोपे गए फूल-फलदार पौधे



**धमतरी।** आदर्श सेवा समिति सोरिद द्वारा आदर्श मुक्तिधाम सोरिद में वृक्षारोपण किया गया। वृक्षारोपण में मुक्तिधाम परिसर में आम, अमरूद, जाम, बादाम जैसे फलदार एवं सुगन्धित पुष्प के पौधे रोपे गए। इस अवसर पर समिति के सदस्य दौलत ठाकुर, आनंद साहू, कुशल देवांगन, रामअवतार देवांगन, पुरुषोत्तम देवांगन, रेवती रमन तिवारी, नंदकुमार देवांगन, रमेश देवांगन, संतोष देवांगन, पवन गजेंद्र, नारायण देवांगन सहित अन्य वार्डवासी उपस्थित थे।

## अंतिम सावन सोमवार को भोलेनाथ की भक्ति में लीन रहा अंचल

■ रूद्रेश्वर घाट पर मेला जैसा माहौल, शिव मंदिरों में सुबह से पूजा पाठ का सिलसिला चला

हरिभूमि न्यूज ▶▶ धमतरी





सावन के अंतिम सोमवार को पूरा अंचल शिव की भक्ति में लीन नजर आया। रुद्रेश्वर घाट पर तो मेला जैसा माहौल था, जहां बड़ी संख्या में श्रद्धालु कांवर यात्रा के लिए पहुंचे थे। कई श्रद्धालुओं ने यहां पर प्रसादी, चाय, नाश्ता आदि की व्यवस्था कर रखी थी। शहर में भी विभिन्न स्थानों पर भक्तिमय आयोजन किया गया।

शिव मंदिरों में सुबह से ही पूजा पाठ का सिलसिला शुरू हो गया था। श्रद्धालु और कांवरियों ने शहर के वार्ड और गांवों में स्थित शिव मंदिरों में पूजा से अपने दिन की शुरूआत की। रुद्रेश्वर घाट पर कांवरयात्रा और रुद्रेश्वर महादेव के दर्शन पूजन के लिए बड़ी संख्या में भीड़ उमड़ पड़ी। मां चित्रोत्पला महानदी की महाआरती के बाद कांवर यात्रा निकाली गई, जिसमें महापौर रामू रोहरा, भाजपा के नवनियुक्त महामंत्री महेंद्र पंडित सहित अन्य जनप्रतिनिधि शामिल हुए। शाम तक यहां पर श्रद्धालुओं की भीड़ लगी रही। कांवर यात्रा बुढ़ेश्वर महादेव मंदिर में जाकर समाप्त हुई। इसके बाद श्रद्धालु अपने वार्ड और गांव में पहुंचे और उत्सव मनाया। डीजे पर भक्ति संगीत के साथ उन्होंने गांव का भ्रमण किया। गांवों में प्रसादी वितरण, भंडारा आदि का आयोजन भी किया गया था।

**कोटेश्वर महादेव का हुआ रुद्राभिषेक**

कोटाभर्री स्थित कोटेश्वर धाम में सावन के अंतिम सोमवार को कोटेश्वर महादेव का रुद्राभिषेक किया गया।सिहावा विधायक अम्बिका मरकाम, धमतरी विधायक ओंकार साहू ने भाग लेकर विधिवत पूजा अर्चना की। इस दौरान जिपं पूर्व सभापति श्रीमती तारिणी चन्द्राकर उपस्थित रहीं। विधायक साहू ने कहा कि ऐसे धार्मिक आयोजन से न केवल सामाजिक समरसता बलवती होती है, बल्कि आस्था से जुड़ाव भी गहरा होता है।

# फीस वृद्धि के खिलाफ एनएसयूआई ने बोला हल्ला

हरिभूमि न्यूज ▶▶ धमतरी

■ भखारा कॉलेज का घेराव कर नारेबाजी की



शासकीय महर्षि वेदव्यास शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय भखारा में प्रवेश शुल्क वृद्धि के विरोध में एनएसयूआई के जिलाध्यक्ष राजा देवांगन के नेतृत्व में कार्यकर्ताओं ने कालेज का घेराव किया गया। इस दौरान बड़ी संख्या में पुलिस बल तैनात था, लेकिन एनएसयूआई कार्यकर्ताओं और छात्रों ने शांतिपूर्वक अपना विरोध दर्ज कराया। महाविद्यालय प्रशासन को 8 जुलाई को ज्ञापन सौंपा था। इसके बाद लगातार एक सप्ताह तक हस्ताक्षर अभियान चलाकर छात्रों का समर्थन जुटाया गया। लेकिन ठोस निर्णय न लेने पर घेराव किया गया।

एनएसयूआई ने कहा कि प्रवेश शुल्क में की गई वृद्धि को तत्काल निरस्त किया जाए। जिन छात्रों से अतिरिक्त शुल्क वसूला गया है, उन्हें पूर्ण रूप से वापस किया जाए। शुल्क संरचना केवल विश्वविद्यालय एवं शासन के निर्देशों के अनुसार ही लागू हो। एनईपी (राष्ट्रीय शिक्षा नीति) के तहत विद्यार्थियों को दो बार परीक्षा देनी पड़ रही है और दो बार परीक्षा शुल्क भरना पड़ रहा है। यह छात्रों पर अतिरिक्त आर्थिक बोझ है। अब महाविद्यालय प्रशासन द्वारा फीस बढ़ाकर इस बोझ को और दोगुना कर दिया गया है।

जिलाध्यक्ष राजा देवांगन ने बताया कि इससे गरीब और मध्यमवर्गीय विद्यार्थी उच्च शिक्षा से वंचित हो रहे हैं। यह शिक्षा के अधिकार और समान अवसर की मूल भावना के खिलाफ है। कॉलेज प्राचार्य द्वारा लिखित आश्वासन दिए जाने के बाद एनएसयूआई कार्यकर्ता शांतिपूर्वक उठे। इस दौरान तेजप्रताप साहू, सुदीप सिन्हा, सौरभ पाल, हुमन साहू, पुष्पेंद्र साहू, आदित्य बघेल, जगदेव लहरे, लेखराम यादव, योगेन्द्र साहू, जगेंद्र सिंग, हार्दिक साहू, समीर मानिकपुरी, यश चंद्राकर, नवीन साहू, ऋषभ बंजारे, भीमसिंह राजपूत, सकुमार यादव, हेमकुमार बंजारे, युगल बैस, हिमांशु साहू, चंद्रेश साहू, तुषार यादव सहित बड़ी संख्या में एनएसयूआई कार्यकर्ता उपस्थित थे।

## कार्यकर्ताओं ने लिया संगठन को मजबूत करने का संकल्प

■ देमार, डाही, अमलीडीह जोन की बैठक में आगामी कार्यक्रमों की रूपरेखा पर हुई चर्चा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ धमतरी



देमार, अमलीडीह एवं डाही जोन कांग्रेस की संगठनात्मक पुनर्गठन बैठक हुई। बैठक का मुख्य उद्देश्य संगठन को जमीनी स्तर पर और अधिक सक्रिय व सशक्त बनाना था। इस अवसर पर विधायक ओंकार साहू एवं संगठन प्रभारी नीलम चंद्राकर विशेष रूप से उपस्थित थे। विधायक ओंकार साहू ने कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए कहा कि कार्यकर्ता ही संगठन की रीढ़ है। आपकी निष्ठा और मेहनत से ही कांग्रेस मजबूती से आगे बढ़ेगी। प्रभारी नीलम चंद्राकर ने संगठनात्मक ढांचे को मजबूत करने पर जोर देते हुए कहा कि सक्रिय कार्यकर्ता ही बदलाव की नींव होते हैं। बैठक में संगठन के विस्तार, सेक्टर व बूथ स्तर पर सक्रियता और आगामी कार्यक्रमों की रूपरेखा पर चर्चा की गई। कार्यकर्ताओं ने भी अपने सुझाव रखे और एकजुट होकर संगठन को मजबूत करने का संकल्प लिया।

इस अवसर पर ब्लॉक अध्यक्ष ग्रामीण घनश्याम साहू, जिला पंचायत सदस्य कविता योगेश बाबर, जनपद सदस्य योगेश मारकंडे, भारती चंद्रहास साहू, जोन अध्यक्ष ओमप्रकाश सेन, दिनेश साहू, जिपं सदस्य गोविंद साहू, पूर्व जिपं सदस्य अमरदीप साहू, डा. दयालाल साहू, योगेश बाबर, गोपालन पटेल, रघुवीर रामटेके, परसराम ध्रुव, सरपंच ईश्वर साहू, धर्मेंद्र पटेल, मुकेश साहू, सुभाष चंद साहू सहित बड़ी संख्या में कार्यकर्ता उपस्थित थे। इस बैठक देमार जोन से संतोष हिरवानी, देमार सेक्टर अध्यक्ष चित्रांश साहू, डोमा सेक्टर अध्यक्ष शेष नारायण साहू, अमलीडीह जोन अध्यक्ष नीलमणि साहू, तरसींवा सेक्टर अध्यक्ष नरसिंग साहू, कुर्रा सेक्टर अध्यक्ष रंजीत साहू, भानपुरी सेक्टर अध्यक्ष शत्रुघन साहू, डाही जोन से जितेंद्र साहू, इस जोन अंतर्गत सेक्टर अध्यक्ष राजू साहू, बोड़रा पुरी सेक्टर अध्यक्ष गोकुल साहू नियुक्त किए गए।




## मित्रता दिवस पर पर्यावरण मित्र बनने का लिया संकल्प

हरिभूमि न्यूज ▶▶ धमतरी



मित्रता दिवस के अवसर पर ग्रीन आर्मी संस्था द्वारा महापौर रामू रोहरा, बीके सरिता बहन एवं गुप्ता समाज संरक्षक हेमा गुप्ता, अध्यक्ष प्रगति गोस्वामी, ज्योति साहेब, अल्पना गुप्ता के साथ कामिनी कौशिक, ज्योति गुप्ता, रेड क्रॉस अध्यक्ष आकाश गिरी गोस्वामी, अधिवक्ता पार्वती वाधवानी, गगन अग्रवाल को जन्मदिन के अवसर पर रक्षा सूत्र बांधकर पौधा एवं कपड़े का थैला भेंट किया गया।

साथ ही पेड़ को मित्र बनाएंगे, पर्यावरण बचाएंगे के नारे लगाए गए। अमिताभ दुबे, मोहन वर्लयानी, गुरदीप टुटेजा के साथ संरक्षक चंद्रशेखर चौबे, गोपाल शर्मा, लक्ष्मण राव मगर, गजानंद साहू, हेमराज सोनी, भेदू साहू, पिंकू साहू, विकास गुप्ता, मयंक चावला, बंटी वाधवानी, गौरव गुप्ता, ज्योति गुप्ता, डॉ. रचना पदमवार, प्रभा श्रीवास्तव, नीला कपाड़िया, कनक शाह, नीता नेताम, प्रिया पंजवानी, सूर्या लुंकड़ ने लोगों को पर्यावरण मित्र बनने के लिए प्रेरित किया। अध्यक्ष जानकी गुप्ता ने कहा कि हमारे द्वारा किए गए छोटे-छोटे प्रयास प्रकृति को हर-भरा बनाए रखने में बड़ा कदम सिद्ध होंगे।










## मातृ-पितृ विहीन एवं निर्धन बालिकाओं को दी पाठ्यवस्तु



**धमतरी।** सेवानिवृत व्याख्याता घनययाम सिंह साहू ने अपने विदाई कार्यक्रम के दौरान शाउमावि सलोनी के दसवीं, ग्यारहवीं एवं बारहवीं के मातृ-पितृ विहीन एवं निर्धन बालिकाओं को हिंदी विषय की सहायक पाठ्यवस्तु का वितरण किया। उन्होंने शासन की महतवपूर्ण योजना बेटी पढ़ाओ बेटी बचाओ को महत्व देते हुए नियमित विदयालय आकर पढ़ाई लिखाई करने के लिए कहा। यामिनी, लुकेश्वरी, दिव्यानी के साथ दिव्यांग बालिका आंकाक्षा, माला निषाद, रिकेश्वरी, भूमिका पुष्पा, आसनी उपस्थित रही। इस बीच शिक्षक ने विदयालय के विकास के लिए दस हजार रुपए का चेक प्रभारी प्राचार्य विरेंद्र कुमार श्रीवास को सौंपा। मौके पर एनआर साहू तथा विकास निम्बालकर भी मौजूद थे।

